भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण /FISHERY SURVEY OF INDIA

न्यू फिशिंग हार्बर, ससुन गोदी, कुलाबा/NEW FISHING HARBOUR, SASSOON DOCK, COLABA

मुम्बई /MUMBAI-400 005

F.N./फा.सं:- 22-1/2018/हिन्दी Date/ दिनांक: 31 .10.2022

सेवा में,

सहायक निदेशक (राजभाषा)
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय,
मत्स्यपालन विभाग, राजभाषा विभाग,
प्रथम तल, चंद्रलोक बिल्डिंग,
36, जनपथ, नई दिल्ली.-110 001

विषयः राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 29.09.2022 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त ।

महोदय.

मैं, इस कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 29.09.2022 को हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त सूचना एवं आवश्यक कारवाई हेतु भेज रही हूँ ।

भवदीय

(एम. के. श्रीमती)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपिः

1. उप निदेशक, राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय, केन्दीय सदन, छठी मंजिल, सी-विंग 601, सेक्टर 10, सी.बी.डी. बेलापूर, नवी मुम्बई को सूचनार्थ ।

2. सचिव, न.रा.का.स. प.रेलवे प्रधान कार्यालय, कमरा नं. 169, पहला माला, नया भवन स्टेशन बिल्डिंग, चर्चगेट, मुम्बई को सूचनार्थ ।

महानिदेशक के आशुलिपिक ग्रेड-। / स्थापना-।, ।।, ।।। /जी.सी. अनुभाग/मात्स्यिकी अनुभाग-।/योजना एंव विकास अनुभाग/ लेखा अनुभाग/ कम्प्यूटर अनुभाग/ सांख्यिकी अनुभाग

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के (मुख्यालय), मुंबई में 29.09.2022 को संपन्न तिमाही प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त.

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. आर. जयभास्करन, महानिदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. एम. के. फरेजिया, उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) | - | सदस्य |
| 3. | श्री एस. के. जायसवाल, निदेशक (अभियांत्रिकी) | - | सदस्य |
| 4. | श्रीमती एम के श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी | - | सदस्य |
| 5. | श्री आशीष कुमार, प्रोग्रामर | - | आमंत्रित |
| 6. | श्री प्रदीप कुमार शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 7. | श्रीमती राजेश्री के. मेन्डन, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 8. | सुश्री वंदना वापमारे, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 9. | श्रीमती मल्लिका पी., आशुलिपिक ग्रेड-। | - | सदस्य |
| 10. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, व. अनुवाद अधिकारी | - | सदस्य/संयोजक |

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (मुख्यालय) मुंबई की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 114 वीं बैठक डॉ. आर. जयभास्करन, महानिदेशक की अध्यक्षता में 29.09.2022 को दोपहर 12.00 बजे शुरु हुई। अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया और 30.06.2022 को समाप्त तिमाही की हिंदी के प्रगामी प्रयोग की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने और 29.06.2022 को हुई पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर की गई प्रगति प्रस्तुत करने हेतु सदस्य संयोजक से अनुरोध किया।

**30.06.2022 को समाप्त अवधि की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा निम्नानुसार की गई।**

1. तिमाही के दौरान राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) में उल्लिखित सभी दस्तावेज द्विभाषी में ही जारी किए गए।

2. हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए गए।

3. 30.06.2022 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत सभी कागज़ात द्विभाषी ही जारी किए गए। हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए गए। 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र में हिंदी में मूल पत्राचार का प्रतिशत क्रमशः 85%, 90% और 'ग' क्षेत्र में 86% हैं, जोकि पिछली तिमाही की तुलना में अधिक है। हम ने 'ख' क्षेत्र में 90% के निर्धारित लक्ष्य और 'ग' क्षेत्र में 50% के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं।

   मूल हिंदी पत्राचार का अनुभागवार समीक्षा करने पर यह पाया गया कि लेखा अनुभाग, कंप्यूटर अनुभाग और सांख्यिकी अनुभाग का निष्पादन सभी तीनों क्षेत्रों में 100% के साथ उत्कृष्ट है, उसके बाद जी. सी. अनुभाग, स्था-।।, स्था-।।। और स्था-। का निष्पादन भी बहुत अच्छे रहे। मात्स्यिकी अनुभाग का निष्पादन 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में क्रमशः 45% & 56% के साथ खराब रहा। मात्स्यिकी अनुभाग को 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 90% का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधिक प्रयास करना है।

हिंदी टिप्पणी का प्रतिशत 70% है जो कि पिछली तिमाही की तुलना में 6% अधिक है। हिंदी टिप्पणी का अनुभागवार समीक्षा करने पर यह पाया गया कि मात्स्यिकी अनुभाग को छोडकर सभी अनुभाग ने 50% का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया है। जी. सी अनुभाग, स्था-III और सांख्यिकी अनुभाग का निष्पादन 80% के साथ बहुत अच्छा रहा। मात्स्यिकी अनुभाग का निष्पादन 40% के साथ पिछली तिमाही की तुलना से बहुत अच्छा रहा। मात्स्यिकी अनुभाग को हिंदी टिप्पणी में 50% का निर्धारित प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरुरत है।

## 29.06.2022 को हुई पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई

1. **'क' एवं 'ख' क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाए।**
   48 % पत्रों के उत्तर हिंदी में जारी किए गए।
   **(कार्रवाईः सभी अनुभाग)**

2. **'मत्स्य किरण' का 'नौवां' अंक का प्रकाशन हेतु कार्रवाई की जाए।**
   'मत्स्य किरण' में अधिक सामग्री को शामिल करके अंतिम प्रारुप मुद्रण हेतु तैयार है।
   **(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग)**

3. **बेस कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाए।**
   मुरगांव बेस का राजभाषा निरीक्षण अगस्त 2022 में किया गया। अध्यक्ष महोदय ने अन्य बेस कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण भी करने का सुझाव दिया।
   **(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग)**

4. **पत्राचार एवं टिप्पणी का सही रिकार्ड रखा जाए ।**
   यह देखा गया है कि अधिकांश अनुभाग जैसे जी.सी. अनुभाग, लेखा अनुभाग और मात्स्यिकी अनुभाग और योजना एवं विकास अनुभाग फाइल में कर्मचारियों द्वारा किए गए पत्राचार और टिप्पणियों की सही प्रविष्टियां करने के लिए कोई रिकॉर्ड नहीं रखते हैं। इसलिए सभी अनुभागों से अनुरोध है कि वे 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्र के साथ किए गए पत्राचार के आधार पर रजिस्टर को बनाए रखें। जैसा कि आजकल अधिकांश पत्र ई-मेल के माध्यम से भेजे जाते हैं। अतः ई-मेल के माध्यम से भेजे गए पत्रों को भी कुल पत्राचार में शामिल किया जाना चाहिए।
   **(कार्रवाईः सभी अनुभाग)**

## राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सुझाव

1. **नई वेबसाइट को द्विभाषी में अद्यतन किया जाए।**
   **(कार्रवाईः कंप्यूटर अनुभाग)**

श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवाद अधिकारी एवं सदस्य/संयोजक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक दोपहर 1.00 बजे संपन्न हुई।